कार्यालय अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

पत्रांकः 2748 / FP/UK/ROAD/47083/2020 दिनॉकः देहरादूनः 17- मई, 2021

सेवा में,

1 प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,
पिथौरागढ़।

2 अधिशासी अभियन्ता,
अस्थाई खण्ड, लो0नि0वि0,
बेरीनाग, पिथौरागढ़।

विषयः— जनपद—पिथौरागढ़ के विधान सभा गंगोलीहाट में खिरमाण्डे गणाई मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 7.785 हे0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

सन्दर्भः— 1. भारत सरकार के पत्र दिनांक 12—03—2021 एवं इस कार्यालय के अनुस्मारक दिनांक 31.03.2021।

2. प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ के पत्रांक 4515/12—1 दिनांक 01.05.2021।

महोदय,

भारत सरकार के उपरोक्त EDS पत्र एवं इस कार्यालय के अनुस्मारक पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिनके क्रम में आपके उपरोक्त सन्दर्भित पत्र द्वारा उपलब्ध करायी गयी आख्या में भारत सरकार द्वारा लागायी गयी आपत्तियों का निराकरण पूर्ण रूप से नहीं किया गया है। खेद का विषय है कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप सूचना वर्तमान तक इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिस कारण प्रस्ताव को अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये जाने में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि वन भूमि हस्तान्तरण जैसे महत्वपूर्ण प्रकरणों के ससमय निस्तारण करवाये जाने हेतु आपके स्तर से कोई रूचि नहीं ली जा रही है।

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि भारत सरकार के पत्र दिनांक 12.03.2021 के द्वारा चाही गयी वांछित बिन्दुवार सूचना यथास्थान ऑनलाईन अपलोड करते हुये अपनी टीप/आख्या के साथ इस कार्यालय को यथाशीघ्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें। सूचना के अभाव में विषयांकित प्रकरण यदि भारत सरकार द्वारा निरस्त/बंद किया जाता है तो इसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित अधिकारी की होगी।

भवदीय,

17/5/21

(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

संख्या— / FP/UK/ROAD/47083/2020 दिनांकित।

प्रतिलिपि— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. वन संरक्षक, उत्तरी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।
2. प्रमुख अभियन्ता/विभागाध्यक्ष, लो0नि0वि0, यमुना कालोनी, देहरादून।

(डी0जे0के0 शर्मा)
प्रमुख वन संरक्षक एवं
नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
उत्तराखण्ड, देहरादून।